




## एक नजर में

### नि:शुल्क हेल्थ, आई चेक अप केम्प कल

**राजगढ़ 08 सितम्बर, का.** श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मोटर ट्रांसपार्ट कर्मकार अधिनियम 1961 अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग के सहयोग से मोटर ट्रांसपोर्ट में संलग्न कर्मकारों ड्रायवर, कंडक्टर, क्लिनर आदि हेतु नि:शुल्क हेल्थ, आई चेक अप केम्प जिला चिकित्सालय के आई भवन नेत्रालय कक्ष में 10 सितम्बर को प्रात: 10 बजे आयोजित किया गया है. उन्होंने कहा कि जिले के समस्त मोटर ट्रांसपोर्ट कर्मचारी आयोजित केम्प में अपना नि:शुल्क हेल्थ/आई चेक-अप करा सकते है.

### संगीतमय रामकथा आज से

**जीरापुर 08 सितम्बर, सं.** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डग रोड बालाजी मंदिर परिसर में संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन 9 सितंबर 2025 मंगलवार से प्रारंभ होकर होगा. जिसमें पं. श्याम भारद्वाज करनवास वाले के मुखारविंद से कथा श्रवण कराई जाएगी. आयोजक मण्डल ने समस्त धार्मिक श्रद्धालु भक्तों माता बहनों से आग्रह किया कि प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 तक कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें. श्री राम कथा का विश्राम 15 सितंबर सोमवार को पूर्णाहुति से होगा. प्रथम दिवस प्रात: 10.30 बजे शिव शक्ति धाम मंदिर रॉयल स्कूल के पास से से कलश यात्रा प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुंचेगी.

### रिहायशी क्षेत्र में दिखा विलुप्तप्राय पेंगोलिन



**नरसिंहगढ़ 08 सितम्बर, सं.** बीती रात शहर के डॉ. शिवजी चौक के आसपास अचानक एक अजीबो-गरीब जानवर दिखाई देने से लोगों में हड़कंप मच गया. रिहायशी गलियों में घूमते हुए इस जानवर को देखकर लोग पहले तो डर गए, बाद में पास जाकर पहचानने पर पता चला कि वह पेंगोलिन चींटीखोर है. स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद पेंगोलिन को पकड़कर वन विभाग की टीम को सुपुर्द किया. वनकर्मियों ने बताया कि पेंगोलिन एक विलुप्तप्राय प्रजाति है. जो अक्सर जंगलों में ही पाई जाती है. सुरक्षित संरक्षण के लिए वन विभाग की टीम ने उसे चिड़ीखो अभयारण्य में छोड़ दिया. विशेषज्ञों का कहना है कि पेंगोलिन का शिकार और तस्करी बड़े पैमाने पर होने से यह प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर है. बताया जा रहा है कि भारी बारिश के बीच कही जंगल से नाले के रास्ते वह शहर में प्रवेश कर गया था.

# खिलाड़ियों को मुंह चिढ़ा रहा कॉलेज ग्राउण्ड

## चेंजिंग रूम, टॉयलेट एवं पीने के पानी की नहीं सुविधा, खिलाड़ियों को उठाना पड़ती हैं दिक्कतें



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 सितंबर, का. नगर का शासकीय कॉलेज ग्राउण्ड विशाल एवं खेल गतिविधियों की दृष्टि से काफी उपयुक्त है किंतु ग्राउण्ड पर मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से खिलाड़ियों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. सुविधा विहीन कॉलेज ग्राउण्ड मानों खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों को सुविधा के नाम पर मुहं चिढ़ा रहा है.**

विदित है कि नगर में सार्वजनिक तौर पर पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड एवं शासकीय कॉलेज परिसर में स्थित खेल मैदान ही एकमात्र खेल गतिविधियों के लिए उपयुक्त मैदान है. इनमें भी कॉलेज ग्राउण्ड अधिक उपयुक्त और बेहतर मैदान माना जाता है परन्तु कॉलेज ग्राउण्ड पर मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. यहां मुख्य रुप से जिन सुविधाओं का अभाव है उनमें खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रुम, टॉयलेट का नहीं होना तथा खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियो के लिए पीने के पानी कोई व्यवस्था नहीं होना है.

### असहज महसूस करते खिलाड़ी

कॉलेज ग्राउण्ड पर खेल गतिविधियों के समय ड्रेस चेंजिंग करने में खिलाड़ियों को बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, खिलाड़ी अपने आप को काफी असहज महसूस करते है. साथ ही कॉलेज ग्राउण्ड पर टॉयलेट की सुविधा तक नहीं है. खिलाड़ियों एवं यहां आने वाले खेल प्रेमियों के लिए पीने के पानी तक की यहां कोई व्यवस्था नहीं होना भी विडंबना है.

### खेल गतिविधियां होती

कॉलेज के ग्राउण्ड पर प्राय: खेल प्रतियोगिताएं होती रहती है. बारिश में भी ग्राउण्ड के अनुकूल होने पर यहां प्रतियोगिता कराई जाती है. विगत दिवस ही ब्लॉक स्तर पर यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी शमिल हुए. इस दौरान भी खिलाड़ियों को यहां समस्याओं का सामना करना पड़ा.

### तहस-नहस हुई टंकी

वर्षो पूर्व कॉलेज ग्राउण्ड के यहां पानी की एक टंकी बनाई गई किंतु देखरेख के अभाव में यह टंकी पूरी तरह तहस-नहस हो चुकी है. ग्राउण्ड पर पीने के पानी की व्यवस्था अति आवश्यक है क्योंकि यहां वर्ष भर खिलाड़ियों, खेल प्रमियों का आना-जाना लगा रहता है. रोजाना बड़ी संख्या में लोग ग्राउण्ड पर सुबह एवं शाम के समय टहलने आते है. लेकिन यहां पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

---

चेंजिंग रुम, टॉयलेट एवं पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था हेतु आगामी मिटिंग में यह प्रस्ताव रखा जाएगा. ग्राउण्ड पर पानी की टंकी है जिसकी मरम्मत करवाई जाएगी.

**आर.के. गुप्ता**
**प्राचार्य,**
**शासकीय कॉलेज ब्यावरा**

# 'नवभारत' के विचार मंथन में 'जलपुरुष' होंगे मुख्य वक्ता

## 'जलपुरुष' ने किया प्रकृति के लिये जीवन समर्पित



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08सितम्बर, का. नवभारत का प्रतिवर्ष होने वाला वैचारिक आयोजन इस वर्ष अद्भुत और अनूठा होगा. इस वर्ष पर्यावरण पर केंद्रित विषय पर जिनका व्याख्यान होना है उनके विचारों से एक-एक श्रोता सोचने व अपना चिंतन विस्तृत करने को विवश होगा.**

13 सितंबर को दोपहर 3 बजे से परंपरागत रूप से होने वाला 'विचार मंथन' होगा और इसी मंच पर रात्रि 8 बजे काव्य निशा होगी. 'नवभारत' का यह सतत् 26 वां सौपान है.

इस वर्ष मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ राजेन्द्र सिंह अलवर राजस्थान से ब्यावरा आ रहे है. उन्हें देश-विदेश में 'जलपुरुष' अथवा वाटरमैन ऑफ इंडिया के रुप में जाना जाता है. वे विचार मंथन के विषय - 'प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ और दुनिया पर गहराते संकट के बादल' पर अपना प्रभावी व्याख्यान देंगे.



**डॉ राजेन्द्र सिंह**
प्रसिद्ध पर्यावरणविद्

उनके साथ ही तीन अन्य विद्वान वक्ता भी आ रहे है. इन सभी विद्वान वक्ताओं का प्रकृति, पर्यावरण पर कार्य करने का गहरा अनुभव, अध्ययन और संघर्षशील व्यक्तित्व है. इन्होंने प्रकृति और पर्यावरण के लिये अपनप सब कुछ दांव पर लगा दिया है.

डॉ राजेन्द्र सिंह ने अपने 50 वर्षों के जलवायु परिवर्तन, अनुकूलन और उन्मूलन के सफल अनुभवों को बांटकर, प्रकृति और मानवता को सम्मान देने का प्रेरणादायी काम किया है. आपकी प्रेरणा से कई युवाओं में पानी और प्रकृति का चिंतन बढ़ा है. वे लालची विकास से हटकर प्रकृति पुनर्जनन के कार्यों में जुटे हुए हैं.

आपने 1500 से अधिक गांवों को पानीदार बनाया. देश की 14 नदियों को पुनर्जीवित किया है. इन्ही कार्यों का प्रभाव है कि 10600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन, अनुकूलन और उन्मूलन में सफलता प्राप्त कर दुनिया के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है. 21वीं सदी में ये उजडे, बेपानी समाज और नदियों को पानीदार बनाने का काम कर रहे है.

दूसरे वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार ह्रदयेश जोशी नई दिल्ली से आ रहे है. श्री जोशी की पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप की चिंता करने, जलवायु परिवर्तन के दूरगामी परिणामों से सचेत करने और प्रकृति के प्रति जवाबदेही निभाने वाली सख्शियत के रूप में पहचान है.

तीसरे वक्ता के रूप में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना) मप्र से आ रहे है.

82 वर्षीय श्री दाहिया को जैव विविधता और अनाज के देशी बीजों के संरक्षण संवर्धन को लेकर भारत सरकार ने वर्ष 2019 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया है. आप शिक्षा, कृषि, जैव विविधता में नवाचार के लिये जाने जाते है. एक और वक्ता के रूप में खण्डवा के वरिष्ठ पत्रकारजय नागड़ा आ रहे है. श्री नागड़ा की पहचान भी पर्यावरण प्रेमी पत्रकार के रूप में है.




# एक और मरीज की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव

## लखोनी गांव निवासी मरीज की रिपोर्ट आयी पॉजिटिव

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 सितंबर, का. बिमारियों के बीच डेंगू पॉजिटिव के मामले जिले में बढ़ रहे है. सोमवार को एक और मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद हाल ही के दिनों में पॉजिटिव मरीजों की संख्या अब बढ़कर 10 हो गई है.**

ताजा मामला जीरापुर तहसील के लखोनी गांव से आया है जहां एक 13 वर्षीय बालक की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है. इसके पूर्व 8 अगस्त को 1 मरीज की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी. इसके बाद 13 अगस्त को एक मरीज पॉजिटिव आया. 25 अगस्त को फिर एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी तत्पश्चात 30 अगस्त को ग्राम झिरी में एक मरीज की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी. इसके पहले 20 जून, 11 जुलाई को दो मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी. इसके बाद 14 जुलाई को 1 मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी.

**डेंगू लक्षण वाले मरीजों पर नजर** विदित है कि इन दिनों तेज बुखार आना, हाथ-पैर में दर्द, उल्टी-दस्त के साथ ही गले में इंफेक्शन होना आदि दिक्कते लोगों को हो रही है. मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत दिवस बुखार के ऐसे संदिग्ध मरीज जिनमें डेंगू के संभावित लक्षण की संभावना नजर आ रही है उन मरीजों की सेम्पलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है. ऐसे ही एक मरीज का सेम्पल जांच के लिए जिला चिकित्सालय लैब में आया. जिसकी रिपोर्ट सोमवार को आने पर वह डेंगू पॉजिटिव आयी.

**गांव में पहुंचेगी टीम** जिला महामारी नियंत्रक डा. महेन्द्रपाल सिंह के अनुसार सोमवार को लखोनी गांव निवासी एक बालक की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी है. अब तक जिले में डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है. आज संबंधित गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर सर्वे कर स्वास्थ्य परीक्षण करेगी.

# पुस्तिका विमोचन एवं सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह

**सारंगपुर 08 सितम्बर, सं.** जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत हुए सुरेश कुमार चौहान द्वारा संत कपिलमुनि व रानी रूपमती की धार्मिक ऐतिहासिक वैभव की नगरी की विकास गाथा में लिखी गई पुस्तक मेरी जीवंदगी पुस्तक का विमोचन एवं सेवानिवृत्ति समारोह में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, कमलेश सेन रेलवे बोर्ड सलाहकार भोपाल, गिरधारीलाल सेन राष्ट्रीय अध्यक्ष - ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट नईदिल्ली, छत्रवीरसिंह राठौर प्रांताध्यक्ष म.प्र.शिक्षक संघ भोपाल, डॉ.त्रिलोकचंद फतेहपुरी राष्ट्रीय कवि एवं साहित्यकार हरियाणा, बनेसिंह चौहान, सेवानिवृत सैनिक पंजाब रेजिमेंट, पंकज पालीवाल अध्यक्ष नगर पालिका, निलेश वर्मा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका, गौरव सोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ, मांगीलाल सोलंकी लोकतंत्र रक्षक, लक्ष्मीनारायण रूंडवाल वरिष्ठ शिक्षक, ध्रुव भल्ला अध्यक्ष हिन्दू उत्सव समिति थे. इस अवसर पर नगर के साहित्यकार व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन ओ.पी. विजयवर्गीय व आभार दिनेश चौहान एवं परिवार ने माना.




### सेवानिवृत्त सेवकों को आज देंगे पीपीओ

**राजगढ़ 08 सितम्बार, का.** माह अगस्त, 2025 में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को 09 सितम्बर, 2025 को दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पीपीओ प्रदाय किया जाएगा.

# कथा श्रवण से बदल जाता भाग्य

## कलश यात्रा के साथ तुलसी नगर में भागवत कथा प्रारंभ



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 सितंबर, का. स्थानीय तुलसी नगर में सोमवार से कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरु हुआ.**

तुलसी नगर स्थित शिव मंदिर से गाजे-बाजे, जयकारों के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो कथा स्थल पहुंची. कथा का शुभारंभ करते हुए भागवत कथा प्रवक्ता संतोष तिवारी ने कहा कि जो भाग्य बदल दे उसे भागवत कथा कहते है और जो मनुष्य के चरित्र में परिवर्तन ला दे उसे राम कथा कहते है. भागवत कथा के श्रवण से पूर्व जन्म के पुण्य उदय होते है. हमें सत्य स्वरूप परमात्मा का ध्यान करना चाहिए. कथा रोजाना दोपहर 12 से 3 बजे तक की जाएगी. कथा का आयोजन 14 सितंबर तक चलेगा. कथा के आयोजक गौर परिवार द्वारा धर्मप्रेमी नागरिकों से कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

# फिजियोथैरेपी के फायदे बताकर किया उपचार

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला चिकित्सालय में शिविर

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 08 सितंबर, का. विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला चिकित्सालय में आयोजित कैंप में मरीज एवं उनके परिजनों द्वारा आमजन को फिजियोथेरेपी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसके फायदे बताए.**

मुख्य अतिथि डॉ पी.के. जैन तथा अन्य चिकित्सक द्वारा फिजियोथेरेपी के बारे में समझाते हुए उससे होने वाले लाभ बताए.

शिविर में डॉ नितीन पटेल सिविल सर्जन, डॉ कटारिया, डॉ कलावत, डॉ माथुर, आरएमओ डाक्टर अमित कोहली, डॉ देवाशीष, डॉ सुरेंद्र मालवीय एवं डॉ तेजस्विनी उइके फिजियोथैरेपिस्ट उपस्थित रहे. शिविर में आये मरीजों की फिजियोथेरेपी कर उपचार किया गया.

# नीलकंठेश्वर का किया दुग्धधारा अभिषेक



**सारंगपुर 08 सितम्बर, सं.** भाद्रपद पूर्णिमा की रात्रि आकाश में घटित चंद्रग्रहण के उपरांत सारंगपुर नगर के पावन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में विशेष दुग्धधारा अभिषेक संपन्न हुआ. पं पवन पारीक ने बताया कि वैदिक परंपरा के अनुसार ग्रहण के समय मंदिरों के कपाट बंद रखे जाते हैं और ग्रहण निवृत्ति के पश्चात देवालयों की शुद्धि कर देवमूर्ति को विशेष स्नान कराया जाता है. इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए भक्तगण प्रात:काल एकत्र हुए और सामूहिक रूप से शिवालय का शुद्धिकरण कर दुग्धधारा से अमृत अभिषेक संपन्न किया. स्वर्णाभ मण्डप में प्रतिष्ठित शिवलिंग पर गंगा जल, पंचामृत, सुगंधित द्रव्य और शीतल दुग्ध की धारा अर्पित की गई.

**कार्यशाला** सेवा पखवाड़ा एक जनसेवा का जनांदोलन, कार्यकर्ताओं का निर्माण और नए लोगों को जोड़ना लक्ष्य

# राष्ट्रहित, जनसेवा पर आधारित भाजपा की विचारधारा




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 सितंबर, का. 'सेवा पखवाड़ा' के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला राजगढ़ की कार्यशाला स्थानीय वल्लभा परिसर में आयोजित की गई.**

अतिथि वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव एवं जनसेवा पर आधारित है जो कि हमारी सबसे बड़ी ताकत है. पार्टी कार्यकर्ता तपोनिष्ठ एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने है. सेवा पखवाड़ा हमारे लिए मात्र कार्यक्रम ही नहीं है अपितु जनसेवा का जनांदोलन है.

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार रहे. अध्यक्षता जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने की. अतिथिगण के रुप में जिले के प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, विधायक मोहन शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, दीपक शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव, मोना सुस्तानी, नपाध्यक्ष लीला बाई कुशवाहा उपस्थित रहे.

राज्य मंत्री श्री पंवार ने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण है. इसलिए हमें आने वाले कार्यक्रमों से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है. स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से युवा पीढ़ी को अवगत कराना होगा.

जिला अध्यक्ष श्री गुर्जर ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के उद्देश्य को समझें और समर्पण से काम में जुट जाएं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा के रुप में मनाया जाएगा.

**इस तरह होंगे कार्यक्रम** सेवा पखवाड़ा के प्रभारी जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया द्वारा आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा. 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर, 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर एवं प्रदर्शनी, 19 -20 सितंबर को प्रबुद्धजन सम्मेलन, 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे. 27 और 28 सिंतबर को दिव्यांग और विशिष्टजनों का सम्मान किया जाएगा. 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि दी जाएगी. संचालन जिला महामंत्री अमित शर्मा ने किया. मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने आभार माना. इस दौरान जिला महामंत्री रामचंद्र जलालिया, युवामोर्चा जिला अध्यक्ष केपी पंवार, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राम भील, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम पचवारी, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष व कार्यक्रम के जिला संयोजक उपस्थित रहे.

### घर-घर जाकर बताएं योजनाएं

जिला प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि यह पखवाड़ा उस नेतृत्व को समर्पित है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है. प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों और नेतृत्व ने भारत को एक नई दिशा दी है. भारतीय जनता पार्टी देश और प्रदेश में सेवा, समर्पण और सुशासन के माध्यम से जनता का विश्वास जीत रही है. हमें अपने-अपने जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर यह संदेश पहुंचाना है कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है. केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर जाना है.


## कार्यालय नगर परिषद खुजनेर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

दूरभाष 07372-257228 कार्या. दूरभाष 07372-257146
Email- cmonpkhuj@gmail.com

क्रमांक/825/न.प.खु./2025 खुजनेर दिनांक 08/09/2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद खुजनेर में दशहरा पर्व 2025 मनाने हेतु निम्नानुसार सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाति है. इच्छुक व्यक्ति 15/09/2025 तक अपने भाव पत्र कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है.

| क्र. | विवरण | परिमाप |
|---|---|---|
| 1 | रावण हेतु आतिशबाजी | कार्यालय में सूची अनुसार |
| 2 | ग्राउण्ड पर प्रदर्शन हेतु अतिशबाजी | कार्यालय में सूची अनुसार |

नोट-

1. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी को होगा.
2. कार्य संतोषप्रद होने पर भुगतान किया जावेगा.

( कैलाशीबाई अमरसिंह यादव )
अध्यक्ष
नगर परिषद खुजनेर

( कृष्णकांत शर्मा )
मुख्य नपाधिकारी
नगर परिषद खुजनेर